

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन : महापौर माधुरी पटेल



नवीन नगर निगम कार्यालय भवन निर्माण भी शामिल

**बुरहानपुर।** आज 14 फरवरी को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बुरहानपुर आगमन अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न होगा। यह कार्यक्रम नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत सीवरेज नेटवर्क निर्माण एवं वाटर सप्लाई गैप फिलिंग कार्य पर 87.00 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत लोहार मंडी से इकबाल चौक एवं सिंधीपुरा तक सी.सी. रोड निर्माण, मरीचिका उद्यान विकास तथा अन्य निर्माण कार्यों पर 14.00 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इसी क्रम में नेहरू स्टेडियम में पवेलियन सह दुकानों के निर्माण कार्य हेतु 4.00 करोड़ रुपये की लागत से भूमिपूजन किया जाएगा। इन समस्त कार्यों के पूर्ण होने से नगर की आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी, यातायात व्यवस्था में सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

महापौर माधुरी पटेल ने नगरवासियों से अपील की है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई 100 करोड़ से अधिक की विकास सौगात के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उनका स्वागत करें। तत्संदर्भ में यह भी निवेदन किया गया है कि नवीन नगर निगम कार्यालय भवन निर्माण हेतु राशि रुपए 15.00 करोड़, गीता भवन निर्माण हेतु राशि रुपए 20.00 करोड़ तथा अमृत योजना अंतर्गत सीवरेज कार्य पूर्ण किए जाने के लिए शेष राशि रुपए 25.00 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध किया गया है।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन ने किया कार्यक्रम स्थल व हेलीपैड का निरीक्षण



**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 14 फरवरी 2026 को जिला बुरहानपुर के दौरे पर रहेंगे। उनकी प्रस्तावित यात्रा के मद्देनज़र आज पुलिस उपमहानिरीक्षक ;निमाड़ रेंजद्ध खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा ने कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमान द्वारा कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं जनसुविधा व्यवस्थाएं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। कानून.व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर से कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की यात्रा को सफ्ल और सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार हैं। सभी संबंधित विभागों कोआवश्यक समन्वय और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### बुरहानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में शाम के समय की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अति.पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 12/02/2026 को थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराह, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,सार्वजनिक स्थानों होटल ढाबों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरला जी का सौम्य चेहरा हमेशा लोगों को याद रहेगा : अमोल भगत



**बुरहानपुर।** आज लोकमाता अहिल्यादेवी मंडल द्वारा दूरदर्शन की पूर्व न्यूज़ रीडर सरला महेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित की । 71 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। सरला माहेश्वरी भारतीय पत्रकारिता जगत की एक प्रतिष्ठित और समर्पित हस्ती के रूप में जानी जाती थी उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सत्य,निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखा सरला माहेश्वरी का जन्म एक शिक्षित एवं संस्कारित परिवार में हुआ। उन्होंने पत्रकारिता को अपने करियर के रूप में चुना 1976 में दूरदर्शन में एक समाचार वाचक के रूप में अपना करियर शुरू किया और 2005 तक दूरदर्शन के साथ जुड़ी रहीं । वह अपनी शांत आवाज, शालीनता और उत्कृष्ट हिंदी उच्चारण के लिए जानी जाती थीं। अमोल भगत ने बताया समाचार के माध्यम से सबसे पहले राजीव गांधी की मृत्यु की खबर पढ़ने वाली एंकर सरला माहेश्वरी थी उन्होंने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों में सक्रिय भूमिका निभाई विशेष रूप से दूरदर्शन से जुड़कर उन्होंने कार्यक्रमों का प्रभावशाली संचालन किया। मंडल अध्यक्ष अमोल भगत,अंकित व्यास, विजय राठौर,कमलेश दलाल,एतेशाम खान,जाहिद मीर,हितेश भगवे, फैजान अंसारी,मुन्ना काका उपस्थित थे,सभी कार्यकर्ता ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का होगा भव्य स्वागत, जिले को मिलेगी विकास सौंगातें : अर्चना चिटनिस







## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जिलेवासियों को करेंगे संबोधित

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के 14 फरवरी को बुरहानपुर आगमन को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शहर एवं ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री के दौरेए रोड शोए कार्यक्रम एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रेसवार्ता में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी, चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, कैलाश पारीख, बलराज नावानी, सुनिल वाघे एवं मुकेश पूर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता में श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रेणुका कृषि उपज मंडी स्थित हेलीपेड पर आगमन के पश्चात रेणुका मंदिर मार्ग से शिकारपुरा थाना क्षेत्र स्थित जीजा माता चौराहा से कार्यक्रम स्थल नेहरू स्टेडियम तक भव्य रोड शो करेंगे। रोड शो मार्ग पर स्थान.स्थान पर स्वागत मंच बनाए जाएंगे, जहां सामाजिक संगठनों, भाषा.भाषी समाजों, उद्योग एवं व्यापारी संघों, कृषक संगठनों, युवा एवं महिला संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जनताए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश है। पार्टी संगठन द्वारा स्वागत व्यवस्था,मंच निर्माण,जनसंपर्क एवं कार्यकर्ता समन्वय की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय विकास कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे, जहां वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विकास एवं योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। बुरहानपुर का कार्यक्रम विशेष होए इसके लिए तैयारियां जारी है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे।

प्रेस वार्ता में श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस प्रवास के दौरान बुरहानपुर जिले को सैकड़ों करोड़ों की सौगात मिलने जा रही है। इसमें बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 696.37 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी, जिसमें 344ण्22 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण तथा 362.15 करोड़ के नवीन कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 362.15 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इस अंतर्गत सीवरेज नेटवर्क, जल सप्लाई, नवीन जिला जेल एवं कर्मचारी आवास भवन, राष्ट्रीय राजमार्ग 347.सी मार्ग, रेलवे फीडर रोड, ग्रामीण एवं शहरी सड़क निर्माण, बैराज.काजवे परियोजनाएं, आयुर्वेद महाविद्यालय छात्रावास एवं फार्मेसी भवन, मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजनाए श्रमिक विश्राम गृहए सांस्कृतिक वन परियोजनाए उद्यान विकास, नेहरू स्टेडियम पवेलियन, अग्निपीड़ित व्यापारियों हेतु दुकानें, सामुदायिक भवन एवं विद्यालय भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इसी प्रकार लगभग 334.22 करोड़ रूपए की लागत से अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसमें बुरहानपुर जलप्रदाय योजना, क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक,जिला चिकित्सालय में 100 बेड वार्डख् तहसील एवं जनपद कार्यालय भवन, सरकारी आवास निर्माण, इंडस्ट्रियल पावरलूम क्लस्टर,33/11 केवी उपकेंद, बख्खारी स्टोरेज तालाब, वृक्षारोपण एवं सिंचाई परियोजनाएं, शहरी सड़क एवं स्ट्रीट लाईट, सांदीपनि विद्यालय,अटल टिंकरिंग लैब तथा अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित है। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से जिले में जल प्रदाय, स्वास्थ्य,शिक्षा, सड़क, सिंचाइ, नगरीय विकास, औद्योगिक विकास एवं मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा और बुरहानपुर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि यह तो वह कार्य है जो मूर्तरूप ले चुके है और जो लेने हेतु भूमिपूजन किया गया है। इसी के साथ अनेक योजनाएं जो प्रस्तावित होकर स्वीकृति की प्रक्रिया में है। उनके संबंध में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी से लगातार संपर्क और संवाद करते हुए स्वीकृति हेतु प्रयास किए जा रहे है। ऐसी योजनाओं में से अनेक योजनाओं को मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव जी द्वारा मंच से घोषणा कर बुरहानपुर के प्रति अपने स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। जिनमें ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना, मिनी एयरपोर्ट,युवाओं हेतु रोजगार की दृष्टि से औद्योगिक क्षेत्र विकसित कराना सहित बुरहानपुर के विकास के लिए अनेक योजनाएं मुख्यमंत्री जी के समक्ष मांग रखेंगे।


## लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम, रोड शो में होंगे शामिल



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 14 फरवरी को बुरहानपुर जिले को 696 करोड़ 37 लाख रूपये के लोकार्पण एवं भूमिपूजन विकास कार्यों की सौगात दे रहे है। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्य कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर में आयोजित रहेगा। इस अवसर पर 334 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 362 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत के 48 कार्यों का भूमिपूजन किया जा जायेगा। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार जिले में आगमन के पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोड शो में शामिल होंगे। यह रोड शो शिकारपुरा थाना क्षेत्र के जीजामाता चौराहा से नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर तक आयोजित रहेगा। जिलेवासियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा। नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जायेगा। वहीं कृषिए उद्यानिकी सहित अन्य विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई जायेगी। जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां अपना अंतिम रूप ले रही हैं।

## मुख्यमंत्री की आमसभा स्टेडियम ग्राउंड में : ये होगी यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन के बुरहानपुर आगमन पर स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाली आमसभा के दौरान आमजन की सुविधाए यातायात सुगमता एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा विस्तृत यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जनता से अनुरोध है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग कर यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।




**वाहन पार्किंग एवं ड्रॉप-ऑफ व्यवस्था, नेपानगर:-** धूलकोट दृ निम्बोला' मार्ग से आने वाले वाहन ,इस मार्ग से आने वाली बसों का ड्रॉप.ऑफ पॉइंट कृगणपति थाना ? सिंधी बस्ती होते हुए 'राधेश्याम हॉस्पिटल' के पास निर्धारित किया गया है। यहां यात्रियों को ड्रॉप करने के उपरांत बसें सीधे कृषि उपज मंडीए शनवारा में निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क की जाएंगी।

**खकनार:-** शाहपुर मार्ग से आने वाली बसें इन बसों का ड्रॉप.ऑफ पॉइंट कृ 'बस स्टैंड वाइन शॉप' के पास निर्धारित किया गया है। यात्रियों को ड्रॉप करने के पश्चात बसें शनवारा होते हुए कृषि उपज मंडी में निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी की जाएंगी।

**टू-व्हीलर:-**फोर.व्हीलर एवं अधिकारियों के वाहनों हेतु पार्किंग। टू.व्हीलर, फोर.व्हीलर तथा अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कृ सुभाष स्कूल ग्राउंड में सुनिश्चित की गई है।

**महत्वपूर्ण अपील:-**आमजन से निर्धारित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का पालन करने की अपील की जाती है। यातायात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें। किसी भी असुविधा की स्थिति में मौके पर तैनात पुलिस बल से संपर्क करें।

## नेशनल मूवमेंट का संघर्ष रंग लाया : सीएम ने की घोषणा



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी द्वारा पहली बार एनपीएस कर्मचारियों के परिजनों को फैमिली पेंशन तथा तलाकशुदा बेटी को भी पेंशन का लाभ की बात कही है, उसके लिए मुख्यमंत्री जी का बहुत.बहुत आभार,अभिनंदन, धन्यवाद। उपरोक्त जानकारी देते हुए नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु जी के कुशल नेतृत्व में, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया,प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के लगातार प्रदेश में संघर्ष और पारिवारिक पेंशन की मांग विगत वर्षों से की जा रही थी।

## जैनाबाद, आहुखाना में दबिश : शराब पकड़ी



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर बुरहानपुर श्री हर्ष सिंह के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री पार्थसारथी शर्मा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 13/02/2026 को वृत दक्षिण के जैनाबाद बलवाड़ टेकरीआहुखाना मे अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध दबिश की कार्यवाही की गई आरोपियों द्वारा तैयार महुआ लहानऔर हाथ भट्टी मदिरा नाले किनारे ज़मीन मे गाड़कर झाड़ियों मे छीपाकर रखा गया था,कार्यवाही के दौरान 60 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जप्त की गयी मौके से लगभग 2400 ह तैयार महुआ लहान मौके पर जप्त किया गया महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गयाण्मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34;1 के तहत 07 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए,जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 252000/- रूपये है उक्त कार्यवाही में विजय कुचेरिया सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत प्रभारी दक्षिण शेरसिंह मोरेएआबकारी उप निरीक्षक मुकुल सिंगाड़े मनोज दिनकर आरक्षक मुकेश सूर्यवंशी सलोनी गौडए कैलाश चौहान सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सेवासदन महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के विज्ञान संकाय (बी.एस.सी. बायो प्रथम वर्ष) के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केन्द्र ग्राम सांडसकला, बुरहानपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देष्य विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि, तकनीको, पषुपालन, नर्सरी प्रबंधन, जैविक खेती तथा जैविक खाद व कीटनाषक की महत्वपूर्ण एवं आवष्यक जानकारी से अवगत कराना था। इस भ्रमण का मुख्य आकर्षण पौधों को तैयार करने एवं उनकी शुरूआती देखभाल की वैज्ञानिक तकनीक एवं उन्नत नस्ल के पषुओं का रखरखाव, डेयरी प्रबंधन एवं रसायान मुक्त खेती के महत्व को समझा और मिट्टी को जीवित रखने के तरीके जाने। कृषि विज्ञान केन्द्र के विषेषज्ञो ने प्राकृतिक खाद और जैविक कीटनाषक बनाने की विधि को प्रेक्टिकल के माध्यम से समझाया। इस यात्रा उद्देष्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अवगत कराना एवं उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमति तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्रबंधक श्री मनीष पटेल, एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील द्वारा इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की बात कही।

उक्त शैक्षणिक भ्रमण विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद दुबे के नेतृत्व एवं प्रो. योगिता महाजन, प्रो. हिमांषु धामंदेकर, श्री तुषार पवार की उपस्थिति में सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

शाहपुर और बुरहानपुर के दो लोगों ने मिलकर उच्च न्यायालय में लगाई याचिका...

# पर्यावरण प्रेमियों की याचिका स्वीकार : धावड़ा और सालई गोंद पर जारी रहेगा प्रतिबंध




**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** शाहपुर और बुरहानपुर क्षेत्र के दो पर्यावरणप्रेमियों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका लगाई। इस मामले में उच्च न्यायालय ने धावड़ा और सलाई गोंद पर जिले में लागू प्रतिबंध जारी रखने को कहा है।

दरअसल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने बुरहानपुर जिला प्रशासन और वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वन वृक्षों से सलाई गोंद और धवड़ा गोंद निकालने पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करें। एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि बुरहानपुर वन प्रभाग के वन वृक्षों से सलाई गोंद और धवड़ा गोंद निकालने पर प्रतिबंध होने के बावजूद लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं और सलाई और धवड़ा वृक्षों से गोंद निकाली जा रही है। कोर्ट ने वन विभाग के प्रमुख सचिवए कलेक्टरए एसपीए सीसीएफ व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी। जनहित याचिकाकर्ता बुरहानपुर निवासी शौकत अली व जितेंद्र राउतोले की ओर से अधिवक्ता अब्दुल्ला उसमानी ने पक्ष रखा। बताया जा रहा है कि वन विभाग की ओर से कई लोगों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। जबकि 89 प्रतिशत सलाई और 73 प्रतिशत धावड़ा के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है यह बात खुद वन विभाग ने एक जांच रिपोर्ट में स्वीकारी है।

**कृत्रिम रासायनों को हो रहा उपयोग:-** गोंद निकालने के लिए कृत्रिम रसायनों का उपयोग किया जा रहा है जिससे सलाई और धवड़ा वृक्षों को नुकसान हो रहा है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि रासायनिक पदार्थों के प्रयोग के साक्ष्यों को नष्ट करने के लिए कई पेड़ों को जलाया जा रहा है।

गोंद निकालने के लिए कई लाइसेंस जारी किए गए हैं। जबकि वन विभाग की ओर से 2024 में गोंद निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। सूत्रों के अनुसार जिले के खकनारए बोदरली और शाहपुर रेंज में गोंद निकाला जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार पेड़ों से गोंद निकालने के लिए जो तरीके इस्तेमाल किए जा रहे हैं वह काफी घातक हैं।

**अब 24 मार्च होगी सुनवाई:-**कोर्ट ने फिलहाल नोटिस जारी किए हैं और अब सुनवाई की तारीख 24 मार्च तय की है। इस दिन याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे कि किस तरह सलाई और धावड़ा के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### कर्मचारियों के नियमितीकरण के प्रस्ताव भेजने की मांग

**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर ने सीएमओ को पत्र लिखकर निकाय में कार्यरत कर्मचारियों को विनियमितए नियमित किए जाने के प्रस्ताव भेजने की मांग की है।

पत्र में उन्होंने कहाण्निकाय में 10 सालों से भी अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों के प्रस्ताव वरिष्ठता सूची के अनुसार भेजे जाएं।

जो दस साल से अधिक समय से पदस्थ हैं उन्हें स्थायी किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।